कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
**E-mail:** fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

# प्रेस नोट

## कान्हा की बाघिनों को पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना के तहत जंगली करने का प्रयोग

दिनांक 5.12.2010 को कान्हा टाईगर रिजर्व के मुक्की परिक्षेत्र के घोरेल्ला इन्क्लोजर में स्थित दो बाघिनों को सफलतापूर्वक बेहाश कर उन्हें रेडियो कालर पहनाया गया है। तत्पश्चात उन्हें कान्हा एवं पन्ना टाईगर रिजर्व के अलग–अलग रेस्क्यू वाहनों में कान्हा, मण्डला, शहपुरा, उमरिया, सतना एवं पन्ना मार्ग से पन्ना टाईगर रिजर्व में लाया गया है। इन बाघिनों को दिनांक 6.12.2010 को प्रातः पन्ना टाईगर रिजर्व के मड़ला परिक्षेत्र के कमानो तालाब के पास स्वच्छंद विचरण हेतु मुक्त कर दिया गया है। अभी तक मनुष्य के पालन–पोषण से पली ये बाघिनें अब स्वच्छंद जीवन जायेंगी। अब पूरा म.प्र. वन विभाग, पन्ना टाईगर रिजर्व प्रबन्धन इस प्रयोग के अलग–अलग अंशों को लेकर सफलता की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। पत्येक बाघिन के साथ 2 वाहन की पार्टी एवं एक हाथी की पार्टी प्रथम 7 दिवस के लिए सतत निगरानी करेगी। तत्पश्चात आवश्यकता के अनुसार अग्रिम रणनीति तक होगा। जैसा कि पूर्व में अवगत कराया गया है कि इन बाघिनों को अब खुले जंगलों में अपना भोजन आदि प्राप्त करने के साथ–साथ पन्ना टाईगर रिजर्व में विचरण कर रहे अन्य बाघों के साथ अपना आपसी सकारात्मक सम्बन्ध स्थापित करना होगा। आशा ही नहीं विश्वास है कि यह प्रयोग हर तरफ से सफल साबित होगा।

पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघों को मुक्त करने के दरम्यान श्री एम.के. राय, अपर मुख्य सचिव, वन, श्री आर.के. दव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक म.प्र., डा0 एच.एस. पाबला प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) म.प्र. सहित छतरपुर एवं पन्ना टाईगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादनू से डा0 के. रमेश, डा0 पराग निगम, कान्हा, पच एवं पन्ना टाईगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक के तकनीकी मार्गदर्शन में बाघों को बेहोशी व स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्य सम्पन्न हुआ। पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना के द्वितीय चरण में कान्हा की बाघिनों को जंगली बनाने का यह मिशन डा0 एच.एस. पाबला, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक म.प्र. एवं श्री धर्मेन्द्र शुक्ला, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एवं मिशन लीडर पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन यह कार्य सम्पन्न हुआ।

दिनांक – 6.12.2010

**क्षेत्र संचालक,**
**पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना**